हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम- दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.)-491001

ई मेल : exam@durguniversity.ac.in *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in* *दूरभाष : 0788-2359300*

क्रमांक 1724/परीक्षा/पूरक/2023 दुर्ग, दिनांक 04.10.2023

//अधिसूचना//

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन द्वारा प्रेषित पत्र क्र. एफ 3–21/2023/38–2 नवा रायपुर, अटलनगर, दिनांक 03.10.2023 के माध्यम से छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम 2019 की धारा–38(2) में निहित प्रावधान अंतर्गत हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के अध्यादेश क्रमांक 06, 12 एवं 110 में संशोधन का अनुमोदन माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा किया गया है।

तदोपरांत विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा 2023 के परीक्षा परिणाम उपरांत स्नातक स्तर (बी.ए/बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी.–गृहविज्ञान) के अध्ययनरत ऐसे समस्त विद्यार्थी जो **02 विषयों में अनुत्तीर्ण** हुए हैं उनके परीक्षा परिणाम पुनः विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए हैं। जिसका अवलोकन विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाईट www.durguniversity.ac.in के माध्यम से कर सकते हैं।

स्नातक स्तर पर (बी.ए/बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी.–गृहविज्ञान/बी.सी.ए. भाग–01, 02, 03 तथा बी.एससी.बी.एड./बी.ए.बी.एड. भाग–01, 02, 03, 04) के ऐसे समस्त परीक्षार्थी जिन्हें वार्षिक परीक्षा 2023 के परीक्षा परिणाम में पूरक (**Supplementary**) की पात्रता प्राप्त हुई है उनके लिए ऑनलाईन पद्धति द्वारा विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.durguniversity.ac.in के माध्यम से **पूरक परीक्षा 2023** हेतु आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क (इंटरनेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/केडिट कार्ड के माध्यम से) जमा करने की तिथि में पुनः निम्नानुसार वृद्धि की जाती हैः–

क्र.	परीक्षा आवेदन	दिनांक
01	पूरक परीक्षा हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथिः–	**04.10.2023 से 10.10.2023 तक** (पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना/**WH** के परीक्षा परिणाम घोषित होने के तीन दिवसों के भीतर परीक्षा आवेदन ऑनलाईन पद्धति से भरे जा सकेंगे।)
02	पूरक परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन भरे गये पूरक परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकापी संलग्नों सहित संबंधित पूरक परीक्षा केन्द्र/महावि. में जमा करने की तिथि	**11.10.2023 तक**
03	पूरक परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराये गये हार्ड कापी एवं संलग्नकों सहित **परीक्षा शुल्क की राशि का विवरण, गोसवारा, न्यूमेरिकल रिटर्न प्रपत्र, ऑनलाईन रोल लिस्ट, ऑनलाईन वैरिफाईड लिस्ट, परीक्षार्थियों की संख्यात्मक जानकारी (Student Count Summary)** सहित विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि (परीक्षा केन्द्र हेतु)	**12.10.2023 तक**

टीपः–

1. स्नातक स्तर (बी.ए/बी.एससी./बी.कॉम./बी.एससी.–गृहविज्ञान) भाग–1, 2, 3 के परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा पुनः जारी किए गये हैं, कृपया समस्त परीक्षार्थी अपने परीक्षा परिणाम का पुनः अवलोकन विश्वविद्यालय की वेबसाईट के माध्यम से कर सकते हैं।
2. **ऐसे परीक्षार्थी जिन्हें 01 एवं 02 विषयों में पूरक की पात्रता प्राप्त हुई है उनके लिए उपरोक्तानुसार पूरक परीक्षा हेतु परीक्षा आवेदन फार्म भरने की तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित अंतिम तिथि उपरांत पूरक परीक्षा 2023 हेतु आवेदन करने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।**
3. अंतिम रूप से परीक्षा केन्द्रों की जानकारी परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र (**Admit Card**) में जारी की जायेगी।
4. शेष निर्देश पूर्ववत ही रहेंगे।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

क्रमशः.......02

पृ.क्र.1725/परीक्षा / पूरक / 2023 दुर्ग, दिनांक 04.10.2023

प्रतिलिपिः—

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़।
2. सचिव, उच्च शिक्षा, छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन, मंत्रालय, नवा रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक—सी—30, द्वितीय / तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण / वित्त अधिकारी / उ.कु.स. परीक्षा / अकादमिक / गोपनीय एवं संबंधित प्रवेश कार्य सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. प्राचार्य, संबंधित समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
6. कुलपति के सचिव / कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
7. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र / पत्रिकाएं दुर्ग / बेमेतरा / राजनांदगांव / कबीरधाम / बालोद / मोहला—मानपुर—अंबागढ़ चौकी / खैरागढ़—छुईखदान—गंडई को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्रों के आगामी अंक में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उपकुलसचिव

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)